पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने गांधी जयंती पर बधाई दी

लखनऊ : 1 अक्टूबर, 2019

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 151वीं जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लालबहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई दी है।

राज्यपाल ने अपने बधाई संदेश में कहा कि देश को स्वतंत्र कराने में महात्मा गांधी ने सत्य एवं अहिंसा का जो मार्ग प्रशस्त किया, वह सम्पूर्ण मानवता एवं विश्व के लिये एक आदर्श है। महात्मा गांधी द्वारा कुष्ठ पीड़ितों, दलितों, स्वच्छता एवं स्वावलम्बन के संबंध में किये गये कार्य सभी का मार्गदर्शन करते हैं। एक कृतज्ञ राष्ट्र के रूप में महात्मा गांधी के दिखाये मार्ग पर चलकर ही हम सच्चे अर्थों में उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं।

———

ओ0पी0राय/राजभवन (58/4)